Seventeenth Loksabha

an>

12.10½hrs

Title: Statutory Resolutions regarding approval to amend the Second Schedule to the Customs Tariff Act,1975 in order to Levy Export Duty on Specified types of Rice (Resolution Adopted).

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी): माननीय अध्यक्ष जी, मेरी वरिष्ठ सहयोगी श्रीमती निर्मला सीतारमण जी की ओर से, मैं निम्नलिखत संकल्प प्रस्तुत करता हूं:

"कि सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8(1) के अनुसरण में, यह सभा अधिसूचना सं. 49/2022-सीमा-शुल्क, दिनांक 8 सितंबर, 2022 [सा.का.नि. 689(अ) दिनांक 8 सितंबर, 2022] का एतदद्वारा अनुमोदन करती है जिसका आशय सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन करना है ताकि चावल की विनिर्दिष्ट क़िस्मों पर निर्यात शुल्क उद्गृहीत किया जा सके। "

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8(1) के अनुसरण में, यह सभा अधिसूचना सं. 49/2022-सीमा-शुल्क, दिनांक 8 सितंबर, 2022 [सा.का.नि. 689(अ) दिनांक 8 सितंबर, 2022] का एतदद्वारा अनुमोदन करती है जिसका आशय सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन करना है ताकि चावल की विनिर्दिष्ट क़िस्मों पर निर्यात शुल्क उद्गृहीत किया जा सके।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आइटम नं. 28, नियम 193 के अधीन चर्चा।

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): माननीय अध्यक्ष जी, हम सुबह से मांग करते आ रहे हैं। हमारी मांग चीन के मुद्दे पर चर्चा करना है। शुरू के दिन से ही सारा विपक्ष एक-साथ चाहता है कि इस पर चर्चा हो। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: नियम 193 के अधीन अभी चर्चा होनी है।

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: बाहर टीवी में चर्चा होती है, हर फोरम में चर्चा होती है लेकिन सदन में चर्चा नहीं होती है। यह ताज्जुब की बात है। हम चाहते हैं कि कम से कम विपक्ष की मांग पर चर्चा का मौका देना चाहिए। … (व्यवधान)

हमें चर्चा का मौका देना चाहिए। यह हमारा अधिकार है। हमारे देश की सुरक्षा की बात है।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

…*

माननीय अध्यक्ष: एन.के. प्रेमचन्द्रन जी।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: उनको बोलने का कोई मौका नहीं दिया गया है, केवल प्रेमचन्द्रन जी बोलेंगे।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: उनको बोलने का मौका नहीं दिया है और आपको भी नहीं दिया है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सदन में चर्चा करें। महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा है और बाकी सदस्यों की सहमति से चर्चा कराई गई है।

… (व्यवधान)

12.11 hrs

At this stage, Shrimati Sonia Gandhi, Shri Adhir Ranjan Chowdhury

And some other hon. Members left the House.

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्रेमचन्द्रन जी, आप चर्चा शुरू करें।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपका सुझाव अच्छा है। आप औरों को भी सलाह दें।

… (व्यवधान)

\-

\-

\-

\-

\-

\-